**Fourteenth Loksabha**

**Session : 9**
**Date : 18-12-2006**

**Participants : Bhargav Shri Girdhari Lal**

an>

Title: Need to supply cooking gas through pipe line in Jaipur, Rajasthan.

**श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर):** सभापति महोदय, मैं एक साधारण सा प्रश्न उठा रहा हूं। इस समय जयपुर शहर में गैस की सप्लाई में काफी दिक्कत आ रही है और जो गैस सिलेण्डर मिलते हैं, उनमें भी पूरी गैस नहीं होती। एक गैस सिलेण्डर देने में दो महीने का समय लग रहा है। इस वक्त सर्दी का मौसम है, जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। इसके अलावा राजस्थान सरकार को मिट्टी के तेल का जो कोटा दिया जाता था, वह भी कम कर दिया गया है। इस वजह से जो लोग चिमनी जलाकर या स्टोव से काम चलाते थे, उन्हें भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गैल कम्पनी ने मुझे एक मीटिंग में आश्वस्त किया था कि जयपुर शहर में गैस पाइपलाइन के जरिए सप्लाई की जाएगी। अगर ऐसा होता है, तो बड़ी अच्छी बात है। इससे मेरे शहर में गैस की कमी नहीं रहेगी और मिट्टी के तेल के कोटे में केन्द्र सरकार द्वारा जो कमी की गई है, उससे भी निजात मिल जाएगी। मेरा निवेदन है कि जब तक यह गैस पाइपलाइन नहीं डाली जाती, तब तक जयपुर शहर में गैस सिलेण्डर्स की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और भारत सरकार द्वारा राजस्थान सरकार को दिए जाने वाले मिट्टी के तेल के कोटे में कटौती की है, उसे भी समाप्त करके पूरा कोटा जारी किया जाए।

सभापति महोदय, आपने मुझे समय दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।